www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 ऐतिहासिक निर्णयों ने उत्तर प्रदेश राज्य की... 3 विधायक बारा के अथक प्रयास से लालापुर पैनल... 4 असन्ध में ट्रिपल इंजन की सरकार तेज गति से...

वर्षः 9 | अंकः 150 | दिल्ली, बुधवार, 26 मार्च 2025 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया

**संक्षिप्त समाचार**

## फाइनेंस बिल 2025 लोकसभा से पास

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** सोमवार को जबरदस्त हंगामे के बाद संसद के दोनों सदनों में एक बार फिर से सामान्य कामकाज हुआ। लोकसभा ने वित्त विधेयक 2025 को पारित कर दिया। विपक्षी सांसदों के तमाम संशोधन मतदान के दौरान गिर गए। यह विधेयक वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए केंद्र सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को क्रियान्वित करता है। इसके साथ ही लोकसभा ने राज्यसभा द्वारा पारित बॉयलर्स विधेयक 2024 पर चर्चा की। संसद ने बायलर विधेयक, 2024 को मंजूरी दी। राज्यसभा में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा हुई जिसे अमित शाह ने पेश किया था। कांग्रेस सांसद ने न्यायमूर्ति वर्मा का मुद्दा लोकसभा में उठाया, चर्चा की मांग की। आपदा प्रबंधन में आर्थिक सहायता देने में कुछ राज्यों के साथ भेदभाव के विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में दावा किया कि पिछले दस साल में भारत आपदा प्रबंधन के मामले में राष्ट्रीय ही नहीं क्षेत्रीय एवं वैश्विक ताकत बनकर उभरा है तथा इसे दुनिया भी यह स्वीकार कर रही है। उच्च सदन में शाह ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इसमें सत्ता के केंद्रीयकरण का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के बारे में इस विधेयक में न केवल प्रतिक्रियात्मक रवैया अपनाने बल्कि पहले से तैयारी करने, अभिनव प्रयासों वाले और सभी की भागीदारी वाले रवैये को अपनाने पर जोर दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित विपक्ष के कई सदस्यों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह बात पूरी तरह निराधार है कि जीएसटी प्रगतिशील नहीं है।

## 'महिलाओं-व्यापारियों को परेशान करने वालों का स्वागत करेंगे यमराज'

**उत्तर प्रदेश (एजेन्सी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को टोका-टोकी करने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि अगर कोई महिलाओं या व्यापारियों को परेशान करने की कोशिश करेगा तो उसे 'यमराज' का सामना करना पड़ेगा। सीएम योगी दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में आयोजित 'भारतीय योग परंपरा में योगीराज बाबा गंभीरनाथ का योगदान' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर शहर अब स्मार्ट सिटी बन गया है। सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं...'अगर किसी ने किसी बेटी और व्यापारी को छेड़ा तो वो (सीसीटीवी कैमरे) हमें अपराध के लिए यमराज के घर जाने का भी एक रास्ता खोल देता है।' आदित्यनाथ ने आगे कहा कि पिछले 10 सालों में भारत बदल गया है और हर कोई हमारे देश में आना चाहता है। उन्होंने कहा कि अगर आप इस ब्रह्मांड के रहस्यों के बारे में जानना चाहते हैं, तो भारत के उपनिषद इसका सबसे बड़ा भंडार हैं। यह हमारी समस्या थी कि हमने खुद को इससे (उपनिषदों) दूर कर लिया। परिणाम हमारे सामने हैं। हम उस दुनिया के पीछे भागने लगे जो हमारे पीछे भागती थी। पिछले 10 सालों में हमने बदलते भारत को देखा है...अब, हर कोई भारत आना चाहता है; वे भारत के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रखना चाहते हैं। भारत की योग की अवधारणा अब पूरी दुनिया में प्रचलित है।

## हरिद्वार में 5 मदरसों को सील किया गया, नहीं थे रजिस्टर्ड

**हरिद्वार (एजेन्सी)।** उत्तराखंड के हरिद्वार में आज जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 गैर रजिस्टर्ड मदरसों को सील कर दिया है। हरिद्वार की तहसीलदार प्रियंका रानी ने बताया कि हरिद्वार में स्थित इन मदरसों का टीम ने निरीक्षण किया और पाया कि ये सभी रजिस्टर्ड नहीं थे। इसके बाद पांचों मदरसों को अफसरों ने सील कर दिया। सरकार की ओर से जारी एक संदेश में कहा अवैध मदरसों, अनधिकृत धार्मिक स्थलों और अतिक्रमणों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे शहरों में अपंजीकृत मदरसों की सूचना मिली है और ऐसे अनधिकृत संस्थान गंभीर सुरक्षा चिंता का विषय हैं। नवरी में एम ने सत्यापन अभियान चलाने का आदेश दिया था और जिला प्रशासन मदरसों का सर्वेक्षण कर रहा है ताकि उनके वित्तीय स्रोतों सहित विभिन्न पहलुओं का पता लगाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि उधम सिंह नगर में सरकार ने 64 मदरसों को सील किया है, देहरादून में 44, हरिद्वार में 26 और पौड़ी गढ़वाल में दो। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के राज्य सचिव खुर्शीद अहमद ने दावा किया कि यह काम अवैध है क्योंकि इन संस्थानों को बंद करने से पहले प्रबंधकों को नोटिस नहीं दिया जाता है। इस तरह के बड़े पैमाने पर अभियान के लिए, सरकार को एक आदेश पारित करने की आवश्यकता है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। सीलिंग रमजान के दौरान हो रही है जब बच्चे अपने घरों में हैं। साल के अंत में होने वाली परीक्षाओं के बाद कई संस्थान बंद हो गए थे। यह देखने की जरूरत है कि क्या बच्चे स्थानांतरित होने पर अन्य स्कूलों और पाठ्यक्रम के साथ तालमेल बिठा पाएंगे।



दिल्ली के होटल ताज पैलेस में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आयोजित टाइम्स ड्राइव ऑटो अवार्ड्स 2025 कार्यक्रम में भाग लेते हुए। (स्त्रोतः पीआईबी)

# अगले 15-20 साल तक किसी की बारी नहीं आएगी, जो करना है हमें करना हैः केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 पर राज्यसभा में चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कुछ सदस्यों ने सवाल उठाया कि संशोधन की क्या जरूरत है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अगर समय रहते किसी इमारत की मरम्मत नहीं की जाती है तो वह गिर जाती है।

विपक्ष पर तंज सकते हुए शाह ने कहा कि उन्हें लगता है कि शायद वे आकर इसे बदल देंगे लेकिन अगले 15-20 साल तक किसी की बारी नहीं



आएगी। जो करना है, हमें करना है। शाह ने कहा कि 2005 में पहली बार आपदा प्रबंधन अधिनियम लागू किया गया था। इसके तहत NDMA, SDMA और DDMA का गठन किया गया। अब चिंता जताई जा रही है कि सत्ता का केंद्रीकरण हो जाएगा। अगर आप पूरे विधेयक को ध्यान से पढ़ेंगे तो क्रियान्वयन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जिला आपदा प्रबंधन की है जो राज्य सरकार के अधीन है। इसलिए संघीय ढांचे को कहीं भी नुकसान पहुंचाने की संभावना नहीं है। शाह ने दावा किया कि किसी राज्य को कम मदद नहीं मिलेगी।

राज्यसभा में अमित शाह ने कहा कि आपदा का सीधा संबंध जलवायु परिवर्तन से है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर भी प्लानिंग की अपेक्षा है। उन्होंने यह भी कहा कि आपदा प्रबंधन केंद्र, राज्यों दोनों का विषय है। उन्होंने कहा कि हम सभी को यह स्वीकार करना होगा कि पिछले 10 वर्षों में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जो परिवर्तन हुए हैं, उससे हम राष्ट्रीय ही नहीं, क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति के रूप में उभरे हैं।

यह विधेयक भारत की सफलता की कहानी को लंबे समय तक कायम रखने के लिए है। कोई मेरी बात को गलत न समझे, मैं सरकार की सफलता की कहानी नहीं, बल्कि भारत की सफलता की कहानी कह रहा हूँ।

# उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने किया दिल्ली विधानसभा भ्रमण

**संजना भारती/संजय कुमार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने अतिथि के रूप में बजट सत्र देखा। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने श्री सतीश महाना का स्वागत किया और कहा कि उनकी उपस्थिति से दिल्ली विधानसभा गौरवान्वित महसूस करती है।

श्री सतीश महाना ने दिल्ली विधानसभा के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह वही सदन है जहां संसद की शुरूआती कार्रवाई हुआ करती थी, मेरी इच्छा थी कि मैं दिल्ली विधानसभा आऊं और मुझे आकर प्रसन्नता हुई। दिल्ली सरकार के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर उन्होंने कहा 'नई सरकार का



पहला बजट था। पिछले वर्ष से लगभग 31% ज्यादा बड़ा इस बार बजट का आकार है। कैपिटल एक्सपेंडिचर पर विशेष महत्व दिया गया है। दिल्ली की आम जनता के उत्थान के लिए, यमुना की सफाई के लिए ये बजट है। ये बजट दिल्ली की आत्मा का बजट है। मुझे विश्वास है कि यह बजट जनकल्याणकारी सिद्ध होगा।'

## भारत और चीन के बीच सीमा मुद्दे पर बड़ी बैठक

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श एवं समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 33वीं बैठक 25 मार्च 2025 को बीजिंग में आयोजित की गई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) गौरांगलाल दास ने किया और चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा एवं महासागरीय मामलों के विभाग के महानिदेशक हांग लियांग ने किया। सकारात्मक और रचनात्मक माहौल में आयोजित इस बैठक में भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति की व्यापक समीक्षा की गई। समग्र द्विपक्षीय संबंधों के सुचारू विकास के लिए सीमा पर शांति और सौहार्द्र महत्वपूर्ण है। दोनों पक्षों ने दिसंबर 2024 में बीजिंग में भारत-चीन सीमा प्रश्न पर विशेष प्रतिनिधियों की 23वीं बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों को प्रभावी बनाने और प्रभावी सीमा प्रबंधन को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न उपायों और प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया।

# सभी जनप्रतिनिधि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता और नशा मुक्ति के लिए मिशन मोड में कार्य करने का लें संकल्पः सीएम सैनी

## प्रदेश के लोग विकास, पारदर्शिता और सुशासन के साथ



**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहरी स्थानीय निकायों के नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किये गए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरुकता बढ़ाने, स्वच्छता अभियान को गति देने सहित नशे के विरुद्ध चल रहे निर्णायक युद्ध में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ मिशन मोड में कार्य करने का संकल्प ले।

मुख्यमंत्री आज पंचकूला में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के नवनिर्वाचित महापौरों, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्षों और सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।

शहरी सरकार के सभी नवनिर्वाचित महापौरों, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्षों और सदस्यों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में संपन्न निकाय चुनाव में यह सिद्ध हो गया है कि प्रदेश के लोग विकास, पारदर्शिता और सुशासन चाहते हैं। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए कहा कि वे शहरों को समृद्ध, स्वच्छ, सुरक्षित, नशा मुक्त और आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदेश की प्रगति के इस सफर में हरियाणा सरकार सदैव सहयोग के लिए तैयार रहेगी।

नगरों को प्रदेश व देश की शान बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहर से आने वाले लोग वहां के विकास को देखकर ही शहर की समृद्धि का आकलन करते हैं। इस दिशा में सभी नव निर्वाचित प्रतिनिधि हरियाणा प्रदेश की इस समृद्धि के प्रहरी बने हैं। उन्होंने कहा कि शहरों में सरकार के विकास कार्यों को अमली जामा पहनाने का दायित्व आप सभी के कंधों पर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि सभी नवनिर्वाचित मेयर, प्रधान और सदस्यों के नेतृत्व में हरियाणा के शहर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में तेजी से कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा की धरा से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का आह्वान किया था और इन निकाय चुनाव में हमारी बेटियां का तय टारगेट से ज्यादा चुनकर आना यह दशार्ता है कि हरियाणा सरकार ने इसे गंभीरता से आगे बढ़ाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छता के दिए गए मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दिशा में भी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि कैसे अपने निगम, नगर पालिका और नगर परिषद को स्वच्छ करना है और लोगों की भावनाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। सभी संकल्प ले कि उनकी नगरपालिका, नगर परिषद और नगर निगम स्वच्छता में नंबर वन बनें। उन्होंने कहा कि नशे की जानकारी साँझा करने के लिए मानस पोर्टल बनाया गया है जिसकी निगरानी स्वयं केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह समय-समय पर करते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि आपके वार्ड या क्षेत्र में अगर कहीं भी नशा बिकता है इसकी सूचना मानस पोर्टल पर अवश्य दें ताकि नशे के काले कारोबार में संलिप्त लोगों पर नकेल कस्ते हुए युवा पीढ़ी को इस बुराई से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर, विकसित और आधुनिक भारत के निर्माण में हरियाणा का स्थान और योगदान महत्वपूर्ण रहने वाला है।

हरियाणा की जनता ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनाई है।

# सीएम रेखा गुप्ता ने पेश किया दिल्ली का बजट

## अब पिंक टिकट प्रणाली की जगह मुफ्स बस यात्रा कार्ड होगा जारी

**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बजट पेश कर दिया है। दिल्ली का बजट पेश करने के साथ ही उन्होंने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए कुछ घोषणा की है। रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी द्वारा जारी किए गए दिल्ली की डीटीसी बसों में पिंग टिकट सिस्टम को बंद कर नया बस कार्ड जारी करने की घोषणा की है।



दिल्ली की बसों में यात्रा करने के लिए महिलाओं को अब पिंक टिकट प्रणाली की जगह मुफ्स बस यात्रा कार्ड जारी होगा। दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन और शहरी गतिशीलता में सुधार करने के लिए परिवहन क्षेत्र के लिए 12,952 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। रेखा गुप्ता ने बताया कि मुफ्त बस सेवाओं का उपयोग करने वाली महिलाओं के लिए दिल्ली सरकार नया कार्ड लाने जा रही है। ये कार्ड एक सहज, भ्रष्टाचार मुक्त अनुभव सुनिश्चित करने के लिए होगा, जो वर्तमान में दिए जाने वाले पिंक टिकट की जगह लेगा।

उन्होंने कहा, "यह कार्ड महिलाओं को सार्वजनिक बसों में कभी भी स्वतंत्र रूप से यात्रा करने की सुविधा देगा, जिससे टिकट से जुड़ा भ्रष्टाचार समाप्त हो जाएगा।" उन्होंने कहा कि बेहतर दक्षता के लिए पूरी प्रणाली को डिजिटल किया जाएगा। रेखा गुप्ता ने कहा, "हमारा लक्ष्य दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ, विश्वसनीय और वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त बनाना है।" उन्होंने बताया कि दिल्ली में वर्तमान में 2,152 इलेक्ट्रिक बसें हैं और 2025-26 तक बेड़े में 5,000 से अधिक नई बसें जुड़ जाएंगी। गुप्ता ने यह भी घोषणा की कि शहरी परिवहन परियोजनाओं को लागू करने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से 1,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसका उद्देश्य शहर की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मजबूत करना है। इसके अतिरिक्त, दिल्ली मेट्रो के विस्तार के लिए 2,929 करोड़ रुपये अलग रखे गए हैं।


मुख्यमंत्री ने टैक्सी और ऑटो-रिक्शा चालकों के लिए कल्याण बोर्ड स्थापित करने की योजना का भी खुलासा किया, जिसका उद्देश्य उनकी कार्य स्थितियों में सुधार लाना तथा बेहतर सहायता प्रणाली प्रदान करना है। इस बीच, दिल्ली सरकार का 2024-25 के बजट में परिवहन क्षेत्र के लिए परिव्यय 9,337 करोड़ रुपये था।

## दिल्ली के विकास और प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा बजट : आशीष सूद

**एसबी संवाददाता/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास' सिद्धांत पर आधारित वर्ष 2025- 26 का यह बजट 'विकसित दिल्ली-



संकल्प पत्र-2025' को धरातल पर लाने की शुरूआत है। मात्र 33 दिन के शासन काल में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हमारी सरकार ने बजट में 1 लाख करोड रुपए का सरकारी व्यय का प्रावधान किया है जो पिछले वर्ष के बजट की तुलना में 31 प्रतिशत अधिक है। साथ इस बजट में पूंजीगत व्यय या कैपिटल एक्सपेंडिचर में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। 28000 करोड रुपए की धनराशि पूंजीगत कार्यो में लगेगी जो भविष्य में दिल्ली में 'productive assets' जैसे सड़क, पुल, फ्लाईओवर, परिवहन और बिजली के बुनियादी ढांचा, स्कूल और स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचा आदि को मजबूत बनाएगा। इस बजट में दिल्ली के वर्तमान युवा और भावी पीढ़ी का भी विशेष ध्यान रखा गया है। गौरतलब है कि वर्ष 2025-26 में हमारी सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के लिए 19291 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जो की पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार के वर्ष 2024-25 के बजट से लगभग 18% अधिक है।



# सम्पादकीय

## आरएसएस अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में किया प्रवेश

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में दशहरा के पावन पर्व पर हुई थी, और इस प्रकार संघ अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है एवं इस वर्ष दशहरा के शुभ अवसर पर ही अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर लेगा। संघ की स्थापना विशेष रूप से भारतीय हिंदू समाज में राष्ट्रीयत्व का भाव जागृत करने एवं हिंदू समाज के बीच समरसता स्थापित करने के लक्ष्य को लेकर हुई थी। इन 100 वर्षों के अपने कार्यकाल में संघ ने हिंदू समाज को एकजुट करने में सफलता तो हासिल कर ही ली है साथ ही विशेष रूप से समाज की सज्जन शक्ति में राष्ट्रीयत्व का भाव पैदा करने में सफलता अर्जित की है। सज्जन शक्ति समाज की वह शक्ति है कि जिनकी बात समाज में गम्भीरता से सुनी जाती है एवं उस पर अमल करने का प्रयास भी होता है। संघ ने अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु शाखाओं की स्थापना की थी। इन शाखाओं में देश की युवा पीढ़ी में राष्ट्रीयत्व का भाव जगाकर ऐसे स्वयंसेवक तैयार किए जाते हैं जो समाज के बीच जाकर देश के आम नागरिकों में राष्ट्र भावना का संचार करते हैं एवं समाज के बीच समरसता का भाव पैदा करने का प्रयास करते हैं। संघ द्वारा स्थापित की गई शाखाओं की कार्यपद्धति पर आज विश्व के अन्य कई देशों में शोध कार्य किए जाने के बारे में सोचा जा रहा है कि किस प्रकार संघ द्वारा स्थापित इन शाखाओं से निकला हुआ स्वयंसेवक समाज परिवर्तन में अपनी महती भूमिका निभाने में सफल हो रहा है और पिछले लगातार 100 वर्षों से इस पावन कार्य में संलग्न है। हाल ही में, दिनांक 14 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक (44 दिन) प्रयागराज में लगातार चले एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए महाकुम्भ के मेले में पूरे विश्व से 66 करोड़ से अधिक हिंदू धर्मावलम्बियों ने पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। इतनी भारी संख्या में हिंदू समाज कभी भी किसी महान धार्मिक आयोजन में शामिल नहीं हुआ होगा और संभवत: पूरे विश्व में कभी भी इस तरह का आयोजन सम्पन्न नहीं हुआ होगा। इस महाकुम्भ में समस्त हिंदू समाज एकजुट दिखाई दिया, न किसी की जाति, न किसी का मत, न किसी के पंथ का पता चला। बस केवल सनातनी हिंदू हैं, यही भावना समस्त श्रद्धालुओं में दिखाई दी। इसी का प्रयास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से करता आ रहा है। संघ द्वारा आज न केवल भारतीय हिंदू समाज को एकता के सूत्र में पिरोए जाने का कार्य किया जा रहा है बल्कि पूरे विश्व में अन्य देशों में निवासरत भारतीय मूल के हिंदू समाज के नागरिकों को भी एक सूत्र में पिरोए जाने का प्रयास किया जा रहा है। यह कार्य संघ के स्वयंसेवकों द्वारा संघ की शाखा में प्राप्त प्रशिक्षण के बाद सम्पन्न किया जाता है। संघ द्वारा संचालित शाखाओं की संख्या 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 के 73,117 से बढ़कर वर्ष 2025 में 83,129 हो गई है। इन शाखाओं के लगने वाले स्थानों की संख्या भी वर्ष 2024 में 45,600 से बढ़कर 51,710 हो गई है। विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता की भावना जगाने के उद्देश्य से विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी संयुक्त शाखाएं भी देश के विभिन्न भागों में लगाई जाती हैं। विद्यार्थी संयुक्त शाखाओं की संख्या 17 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 20224 में 28,409 से बढ़कर वर्ष 2025 में 33,129 हो गई हैं। इसी प्रकार महाविद्यालयीन छात्रों के लिए भी विशेष शाखाएं लगाई जाती हैं। महाविद्यालयीन (केवल तरुणों के लिए) शाखाओं की संख्या 10 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 में 5,465 से बढ़कर वर्ष 2025 में 5,991 हो गई है। तरुण व्यवसायी शाखाओं की संख्या भी 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 में 21,718 से बढ़कर वर्ष 2025 में 24,748 हो गई है, इस शाखाओं में विशेष रूप से तरुणों को शामिल किया जाता है। प्रौढ़ व्यवसायी शाखाओं की संख्या 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 में 8,241 से बढ़कर वर्ष 2025 में 9,397 हो गई है एवं बाल शाखाओं की संख्या भी वर्ष 2024 में 9,284 से बढ़कर वर्ष 2025 में 9,864 हो गई है। बाल शाखाओं में छोटी उम्र के बालकों को शामिल किया जाता है। उक्त वर्णित शाखाओं के माध्यम से आज संघ का देश के कोने कोने में विस्तार सम्भव हुआ है। संघ की दृष्टि से देश भर में कुल खंडों की संख्या 6,618 है। इनमें से शाखायुक्त खंडों की संख्या वर्ष 2024 में 5,868 थी जो वर्ष 2025 में बढ़कर 6,112 हो गई है। साथ ही, कुल 58,939 मंडलों में से 30,770 मंडलों में संघ की शाखा लगाई जा रही है।

### जयंती


**धीरेन्द्र नाथ गांगुली**



जन्म: 26 मार्च 1893, मृत्यु: 18 नवम्बर 1978) बंगाली सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता और फिल्म निर्देशक थे। धीरेन्द्र नाथ गांगुली को 'धिरेन गांगुली' या डी.जी. के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय सिनेमा में इनके अभूतपूर्व योगदान के लिए इन्हें सन 1975 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इन्होंने अपनी शिक्षा 'विश्व भारती विश्वविद्यालय', शांतिनिकेतन से ग्रहण की और बाद में हैदराबाद के राज्य आर्ट स्कूल में हेडमास्टर बने।

### पुण्यतिथि

**आनंद शंकर**



जन्म-11 दिसंबर, 1942; मृत्यु-26 मार्च, 1999) भारतीय गीतकार और संगीतकार थे। वे विश्व प्रसिद्ध सितारवादक पंडित रवि शंकर के भतीजे थे। इन्होंने अपने जीवनकाल में पूर्वी संगीत शैलियों में पश्चिमी संगीत शैली का उत्कृष्ट मिश्रण कर संगीत को एक नया रूप दिया। सन 1990 के दशक के मध्य जब डीजे की संस्कृति का प्रचलन प्रारम्भ हुआ तो आनंद शंकर ने भी डिस्को के अनुरूप संगीत का निर्माण किया, जिसके परिणामस्वरूप इन्होंने वर्ष 1996 में 'ब्लू नोट्स' के अंतर्गत 'ब्लू जूस वॉल्यूम 1' नामक नए एल्बम का निर्माण किया था। इसके दो संस्करण लांच हुए थे- स्ट्रीट्स ऑफ कलकत्ता और डांसिंग ड्रम्स।

### कल मिलेंगे

लड़की सरकारी दफ्तर गई और बोली-हैलो भैया, मुझे इनकम सर्टिफिकेट बनवाना है.
चपरासी-बाबू से जाकर मिल लो.
लड़की ने तुरंत अपने ब्वॉयफ्रेंड को फोन लगाया और बोली-बाबू तुमने बताया नहीं तुम इनकम सर्टिफिकेट भी बना लेते हो.

**संजना भारती दैनिक**

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-संजय कुमार द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।
RNI No. : DELHIN/2016/70240
Phone No.: 9871221635
E-mail ID: sanjanabharati16@gmail.com
(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# ऐतिहासिक निर्णयों ने उत्तर प्रदेश राज्य की दशा और दिशा को बदलने में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

**परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक करने और नकल के खिलाफ भी योगी सरकार ने 2024 में सख्त कानून बनाकर मिसाल पेश की। पेपर लीक कानून के तहत सार्वजनिक परीक्षाओं में होने वाली धोखाधड़ी (नकल) पर अंकुश लगाने के लिए न्यूनतम 3 से 5 साल की कैद की सजा का प्राविधान है और पेपर लीक गिरोह में शामिल लोगों को 5 से 10 साल की कैद और न्यूनतम एक करोड़ रुपए के जुमार्ने का प्राविधान है**

**योगी** आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने 8 साल के कार्यकाल में अब तक कई ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिन्होंने राज्य की दशा और दिशा को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लव जिहाद के खिलाफ कानून हो या फिर नकल और पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून, महिलाओं के सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के लिए मिशन शक्ति की पहल हो या फिर किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने का निर्णय इन सभी के दीर्घ प्रभाव देखने को मिल रहे हैं। इन निर्णयों ने यह भी साबित किया कि उत्तर प्रदेश में वो सरकार काबिज है, जिसके पास नीयत भी है और नीतियां भी। योगी सरकार के 8 साल में 8 महत्वपूर्ण निर्णयों पर एक नजर...

**1. लव जिहाद के खिलाफ बनाया कानून:** सीएम योगी की पहल पर नवंबर 2020 में "उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम" लागू हुआ। इस कानून के तहत जबरन या छल से धर्म परिवर्तन करवाने पर 10 साल तक की सजा और 5 लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान किया गया। पहले साल में ही 100 से अधिक मामले दर्ज किए गए। यह कानून महिलाओं की सुरक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर बहस छेड़ दी।

**2. मिशन शक्ति की शुरूआत:** अक्टूबर 2020 में शुरू हुआ "मिशन शक्ति" अभियान महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर केंद्रित है। इसके तहत एंटी-रोमियो स्क्वाड ने छेड़छाड़ के 32 हजार से अधिक मामलों में कार्रवाई की। कन्या सुमंगला योजना के तहत 22 लाख से ज्यादा बेटियों को आर्थिक मदद दी गई। 112 और 181 जैसी हेल्पलाइन ने आपात स्थिति में सहायता प्रदान की।

**3. किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली:** किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने विगत वर्ष उत्तर प्रदेश के निजी नलकूप उपभोक्ताओं को एक अप्रैल 2024 से बिजली बिल में 100 प्रतिशत छूट का लाभ देने का निर्णय लिया। इस निर्णय को पावर कॉर्पोरेशन ने विधिवत लागू किया। सिंचाई सुविधा के लिए 4 लाख से ज्यादा निजी नलकूपों का संयोजन किया गया। किसानों को विद्युत आपूर्ति के लिए 3 हजार से अधिक ग्रामीण फीडर अलग किए गए। निजी नलकूप कनेक्शन देने में डार्क जोन में लगे प्रतिबंध हटाने से लाखों किसान लाभान्वित हुए।

**4. सभी राज्य कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए चिकित्सा सुविधा फ्री:** योगी सरकार ने 2022 में उत्तर प्रदेश के राज्य कर्मचारियों और पेंशनर्स व उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया, जिसका लाभ लाखों लोगों को मिलने लगा। इसके तहत, राज्य कर्मचारियों और पेंशनर्स के स्टेट हेल्थ कार्ड बनाए गए। स्टेट हेल्थ कार्ड में कर्मचारियों व उनके आश्रितों से संबंधित सभी डाटा संरक्षित रखने की सुविधा है। इस हेल्थ कार्ड को दिखाकर वे किसी भी सरकारी अस्पताल में मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त कर पा रहे हैं। योजना के तहत लाभार्थियों के इलाज के लिए प्रदेश के सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों में प्रचलित दरें ही मान्य हैं।

**5. नकल और पेपर लीक पर बनाया सख्त कानून:** परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक करने और नकल के खिलाफ भी योगी सरकार ने 2024 में सख्त कानून बनाकर मिसाल पेश की। पेपर लीक कानून के तहत सार्वजनिक परीक्षाओं में होने वाली धोखाधड़ी (नकल) पर अंकुश लगाने के लिए न्यूनतम 3 से 5 साल की कैद की सजा का प्राविधान है और पेपर लीक गिरोह में शामिल लोगों को 5 से 10 साल की कैद और न्यूनतम एक करोड़ रुपए के जुमार्ने का प्राविधान है। यदि कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई संगठित अपराध करता है, जिसमें परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था, सेवा प्रदाता या कोई अन्य संस्थान शामिल है तो उन्हें कम से कम 5 साल की कैद की सजा दी जाएगी, जिसे 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है।

**6. उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन:** योगी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 'उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण' के गठन को मंजूरी दे दी है। इस प्राधिकरण के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 'उत्तर प्रदेश जलमार्ग प्राधिकरण नियमावली 2025' को प्रख्यापित किया गया है। देश में 111 राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किए गए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश में गंगा, यमुना सहित कुल 11 राष्ट्रीय जलमार्ग मौजूद हैं।

जलमार्गों के जरिए परिवहन को किफायती और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से इस प्राधिकरण की स्थापना की जा रही है। सरकार का मानना है कि जल परिवहन प्रणाली विकसित होने से यातायात के अन्य साधनों पर दबाव कम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

**7. एनसीआर की तर्ज पर एससीआर बनाने का निर्णय:** योगी सरकार ने एक और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (एनसीआर) की तरह उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आसपास के इलाकों को मिलाकर राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) के गठन को मंजूरी दी है। इसे उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र के नाम से जाना जाएगा। इसके लिए योगी सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। लखनऊ और आसपास के 6 जिलों के कुल 27826 वर्ग मीटर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा।

**8. 47 वर्षों के बाद एक और औद्योगिक शहर के गठन का फैसला:** ऐतिहासिक निर्णयों की कड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार ने नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) की तर्ज पर बुंदेलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के गठन की अधिसूचना को भी 2023 में मंजूरी दे दी।

उत्तर प्रदेश में इससे पहले 1976 में नोएडा नाम से एक नए शहर के गठन का निर्णय लिया गया था। 47 वर्षों के बाद एक और नए नगर की स्थापना का फैसला किया गया। झांसी जिले के 33 गांवों को शामिल करके बीडा का गठन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक निर्णय से बुन्देलखण्ड के बहुआयामी विकास को रफ्तार मिलेगी। स्रोतः प्रभासाक्षी

# सुनीता विलियम्सः साहस से छुआ आसमान

**अमेरिका के फ्लोरिडा के तट पर समुद्र में जब अंतरिक्ष यान उतरा, उस समय का दृश्य सबने देखा। कितना अद्भुत, कितना चमत्कार करने वाला दृश्य था। हर कोई इस अविश्वसनीय घटना के बारे सुनकर आश्चर्यचकित ही था। जिन्होंने इस दृश्य को अपनी आँखों से देखा, वह ऐसी घटना दुबारा देख पाएंगे या नहीं, यकीनी तौर पर नहीं कहा जा सकता। यह घटना कोई सामान्य नहीं थी**

-सुरेश हिंदुस्तानी

'**अगर** देखना चाहते हो मेरे हौसलों की उड़ान तो आसमान से कह दो कि और ऊँचा हो जाए'। ये पंक्तियाँ निश्चित ही ऐसा आभास कराती हैं कि यह असंभव जैसी बात है। क्योंकि आसमान में उड़ने वाली बात किसी ऐसे सपने जैसी ही लगती है, जो पूरा हो ही नहीं सकता। लेकिन व्यक्ति के पास साहस और धैर्य है तो वह असंभव लगने वाले लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकता है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स ने ऐसा ही एक कीर्तिमान करके दिखाया है। धरती पर रहने वाली सुनीता ने अपने साहस और धैर्य से आसमान को छूने को साहसी कार्य किया है। यह एक ऐसा कीर्तिमान है जो भविष्य के लिए एक मील का पत्थर है। जो अंतरिक्ष विज्ञान के लिए एक दिशा बोध बनेगी। आज अंतरिक्ष विज्ञान जगत के लिए सुनीता विलियम्स एक ऐसा नाम है, जिसके साथ विज्ञान को देने के लिए बहुत कुछ है। जिनकी गाथा कहते कहते लोगों के मुंह थक जाएंगे, पर गाथा खत्म नहीं होगी। सुनीता विलियम्स, बुच विलमोर सहित चार अंतरिक्ष यात्री जब धरती पर लौटे तो अमेरिका में खुशी का वातावरण था, तो भारत में भी असीमित उल्लास था। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की हैं, इसलिए यह पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि उन्होंने भारत का भी मान बढ़ाया है।

सुनीता विलियम्स केवल नौ दिन के लिए अंतरिक्ष की सैर पर गई थीं, लेकिन यह क्या मालूम था कि यह नौ दिन की यात्रा नौ माह और चौदह दिन की हो जाएगी। जाहिर है यात्रा सरल नहीं थी। क्योंकि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण का अभाव रहता है। हालांकि सुनीता विलियम्स की यह तीसरी अंतरिक्ष यात्रा थी। हम जानते हैं धरती से वायुमंडल की परिधि समाप्त होने के बाद अंतरिक्ष की दुनिया प्रारम्भ होती है। अंतरिक्ष के बारे में कहते हैं कि मानव आकृति अधर में ही लटकी रहती है। अगर कोई यात्री अंतरिक्ष यान में भी गया है, तो भी उसे आधार नहीं मिलता। ऐसा लगता है जैसे वजनहीन हो गए हैं। अंतरिक्ष में चल फिर नहीं सकते। बस तैरते से रहते हैं। ऐसी स्थिति में अंतरिक्ष में जाना निश्चित ही अत्यंत दुष्कर कार्य है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स और उनके साथ गए बुच विलमोर ने जिस साहस का परिचय दिया, वह वास्तव में काबिले तारीफ है। लेकिन एक बात यह भी है कि अंतरिक्ष में जाना किसी चुनौती से कम नहीं है। वहां का जीवन पृथ्वी से बहुत भिन्न है। अंतरिक्ष में पहुँचने के बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों का यान जब भटक गया था। तब उनके मन में भी कई तरह के सवाल उठे होंगे, क्योंकि ऐसी स्थिति में यह पता नहीं होता कि वे धरती पर लौटेंगे भी या नहीं। या अंतरिक्ष में कब तक यूँ ही घूमते रहेंगे, इसका भी पता नहीं, लेकिन एक जिजीविषा थी, जो उन सबको जीने का उल्लास दे रही थी। कहते हैं कि जिसके मन में जीने का उत्साह हो तो समस्याएं सरल होती चली जाती हैं। चारों अंतरिक्ष यात्री पूरे मन से अपने मिशन पर थे। जब तक वे अंतरिक्ष में थे, कुछ न कुछ करते रहे यानी शोध के कार्य में इतने व्यस्त हो गए कि उनको पता ही न चला कि उनके जीवन में कोई समस्या है।

अमेरिका के फ्लोरिडा के तट पर समुद्र में जब अंतरिक्ष यान उतरा, उस समय का दृश्य सबने देखा। कितना अद्भुत, कितना चमत्कार करने वाला दृश्य था। हर कोई इस अविश्वसनीय घटना के बारे सुनकर आश्चर्यचकित ही था। जिन्होंने इस दृश्य को अपनी आँखों से देखा, वह ऐसी घटना दुबारा देख पाएंगे या नहीं, यकीनी तौर पर नहीं कहा जा सकता। यह घटना कोई सामान्य नहीं थी। जो अंतरिक्ष यात्री साढ़े नौ महीने हवा में तैर कर जीवन बिता रहे थे, उनके उनका जीवन वास्तव में बदल चुका था। धरती पर जीने के तरीके अलग हैं, यहां गुरुत्वाकर्षण बल के कारण सभी कार्य आसान हैं। यह आसान इसलिए भी हैं, क्योंकि यह एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा बन जाती हैं। अंतरिक्ष का जीवन अलग है। वहां सभी वस्तुएँ हवा तैरती रहती हैं। खाने की वस्तु को भी हवा में तैरते हुए ही खाया जा सकता है। वहां नींद लेने के लिए खुद को बेल्ट से बाँधना होता है। अगर ऐसा नहीं करते तो तैरते हुए सोना बहुत ही मुश्किल काम है। यहां तक कि प्यास बुझाने के लिए अपनी पेशाब और पसीने को शुद्ध करके पीने योग्य बनाया जाता है और वही पीने के काम आता है। शून्य गुरुत्वाकर्षण की अवस्था शरीर पर कई प्रकार के प्रभाव उपस्थित करती हैं। इससे शरीर का संतुलन धरती पर रहने जैसा नहीं होता। रक्त संचरण भी सामान्य नहीं होता। इतना होने के बाद भी इन चार अंतरिक्ष यात्रियों ने साहसिक यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा किया। नासा ने इस अभियान को बखूबी अंजाम दिया। वर्तमान में अंतरिक्ष विज्ञान को शोध के अनेक विषय देने का काम किया है। भारत भी इस मामले में किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं है। भारत ने जिस प्रकार से अपने चंद्रयान अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया, वह सारी दुनिया को अचरज में डालने जैसा ही है। इसलिए भारतीय वैज्ञानिक भी अंतरिक्ष के लिए एक उपलब्धि को पाने जैसा ही कार्य कर रहे हैं। चूँकि सुनीता विलियम्स भी भारतीय मूल की हैं, इसलिए नासा की इस उपलब्धि को भारतीय प्रतिभा का कायल माना जा रहा है। आज का अमेरिका बिना भारतीय प्रतिभा के आगे नहीं बढ़ सकता। ऐसा अमेरिका के कई क्षेत्रों में साबित हो रहा है। सुनीता विलियम्स के जीवन और उनके कार्य में भारतीय संस्कार विद्यमान हैं। इससे पूर्व अंतरिक्ष में जाते समय वे अपने साथ भागवत गीता ले गई थीं और इस बार भगवान गणेश की प्रतिमा साथ लेकर गईं।

सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर सहित चार सहयोगियों ने वहां पर साढ़े नौ महीने जो शोध किया, वह अंतरिक्ष विज्ञानियों के लिए एक ऐसा ऐतिहासिक दस्तावेज ही कहा जाएगा, जो मिसाल है। आने वाले समय में विज्ञान जगत इनसे बहुत कुछ सीखेगा, यह तय है। अंतरिक्ष में जाने का यह मामला पहला नहीं है, लेकिन इतनी लम्बी अवधि तक अंतरिक्ष में रहने का यह पहला मामला है। इसलिए इसे औरों से अलग किस्म के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता के इस हौसले का पूरे मन से अभिवादन।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# दक्षिण कोरिया के जंगल में लगी आग ने मचाया कोहराम

(एजेन्सी)।

**दक्षिण कोरिया।** दक्षिण कोरिया तीन तरफ से समुंदर से घिरा है। दक्षिण कोरिया के दक्षिणी भाग में सेंचियोंग नामक एक इलाका है। ये क्षेत्र गांजे की पत्तियों से अलग अलग प्रयोगों के लिए चर्चा में रहता है। मसलन पत्तियों से कपड़े बनाना या घरों की छत बनाने में करना। इसी सेंचियोंग नामक इलाके के जंगलों में आग लग गई। आग जल्द ही आसपास के इलाकों में भी पहुंची। अब तक इसमें जलकर चार लोगों की मौत हो चुकी है। कई घायल हैं। आग अब तक करीबन 16 हजार एकड़ में फैल चुकी है।

करीब डेढ़ हजार लोग घर छोड़कर विस्थापित हो चुके हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन में 9 हजार से ज्यादा कर्मचारी और 100 से ज्यादा हेलीकॉप्टर लगे हैं। लेकिन तेज और सूखी हवाएं आग को बढ़ा रही हैं। योनहाप न्यूज ने बताया कि सप्ताहांत में दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में जंगल में लगी आग के फैलने के बाद कम से कम चार अग्निशामकों की मौत हो गई और 1,500 लोगों को निकाला गया, जिसके बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने आग पर काबू पाने के लिए "पूरी ताकत से" प्रयास करने का आह्वान किया। सिम यूई-डेओक द्वारा इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई फुटेज में सैनचियोंग के पहाड़ों में आग जलती हुई दिखाई दे रही है।

राष्ट्रीय समाचार के अनुसार, सैनचियोंग में आग शुक्रवार को लगी और तब से 4,150 हेक्टेयर (10,250 एकड़) भूमि जल चुकी है। योनहाप ने कहा कि सैनचियोंग काउंटी में आग पर 70 प्रतिशत तक काबू पा लिया गया है।

# ट्रंप को खुश करने के लिए भारत उठाने जा रहा है बड़ा कदम

(एजेन्सी)।

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल से भारत समेत कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। लेकिन उससे पहले भारत सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। सरकार दोनों देशों के बीच चल रहे व्यापार समझौते के तहत 23 बिलियन डॉलर मूल्य के आधे से अधिक अमेरिकी आयातों पर टैरिफ में कटौती करने के लिए तैयार है। यह वर्षों में सबसे बड़ी टैरिफ कटौतियों में से एक होगी, जिसका उद्देश्य पारस्परिक टैरिफ को रोकना है जो निर्यात को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वैश्विक रिसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव को कम करने की कोशिश कर रही है, जो 2 अप्रैल से प्रभावी होने वाले हैं। भारत सरकार ऑनलाइन विज्ञापन सेवाओं पर लगने वाले 6% की इक्वलाइजेशन लेवी को हटाने का प्रस्ताव कर रही है। यह लेवी गूगल और मेटा जैसी कंपनियों पर लगती है। इसे आमतौर पर 'गूगल टैक्स ' के नाम से जाना जाता है। सरकार इसे 1 अप्रैल से हटाने की सोच रही है। भारत द्वारा किए गए एक आंतरिक विश्लेषण के अनुसार, नए अमेरिकी टैरिफ से अमेरिका को भारत से किए जाने वाले 87% निर्यात पर असर पड़ सकता है, जिसकी कीमत करीब 66 बिलियन डॉलर है। सूत्रों के अनुसार, इस प्रभाव से बचने के लिए, भारत 55% अमेरिकी आयातों पर टैरिफ कम करने के लिए तैयार है, जिन पर वर्तमान में 5% से 30% के बीच कर लगाया जाता है। कुछ टैरिफ में काफी कमी की जा सकती है, जबकि अन्य को पूरी तरह से हटाया जा सकता है।

प्रस्ताव पर अभी भी चर्चा चल रही है और भारत सरकार के अधिकारियों ने अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। अन्य विकल्पों पर विचार किया जा रहा है जिसमें व्यापक टैरिफ कटौती के बजाय विशिष्ट क्षेत्रों के लिए टैरिफ समायोजित करना और कई उद्योगों में टैरिफ कम करने के बजाय चुनिंदा उत्पादों के लिए कटौती पर बातचीत करना शामिल है। दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल मंगलवार से शुरू होने वाली व्यापार वार्ता के लिए भारत आने वाला है।

भारत सरकार अमेरिकी पारस्परिक टैरिफ लागू होने से पहले एक समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रही है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार वार्ता का लंबा इतिहास रहा है। विश्व व्यापार संगठन के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिका का औसत व्यापार-भारित टैरिफ 2.2% है, जबकि भारत का 12% है।

# एयर इंडिया ने किया यात्रा नीति में बदलाव

(एजेन्सी)।

**प्राइवेट** विमानन कंपनी टाटा एयर इंडिया ने अपनी यात्रा नीति में बड़ा बदलाव कर दिया है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने इसकी घोषणा की है। एयर इंडिया के सभी कर्मचारी अपनी घरेलू वर्क यात्रा के दौरान इकॉनमी क्लास में यात्रा करेंगे।

बता दें कि वर्तमान नियम के मुताबिक कर्मचारियों के लिए ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों के लिए बिजनेस क्लास की सीट आरक्षित है। इस संबंध में एक अधिकारी ने जानकारी दी कि यात्रा नीति में ये बदलाव शीर्ष प्रबंधन (उपाध्यक्ष और उससे ऊपर) के लिए 1 अप्रैल से व अन्य सभी कर्मचारियों के लिए 1 जून से प्रभावी होगा।" इस नियम की पुष्टि करते हुए एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, "इसके साथ, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारी प्रीमियम सीटें, बिजनेस और प्रीमियम इकोनॉमी दोनों- जिनके लिए हम भारी मांग देख रहे हैं- हमारे ग्राहकों के लिए पहले बुकिंग के लिए उपलब्ध होंगी।" एयरलाइन के अधिकारी का कहना है कि टाटा ने जनवरी 2022 में जबसे एयर इंडिया का अधिग्रहण किया है, तभी से एयरलाइंस में प्रीमियम सीटों की मांग बढ़ गई है। उन्होंने कहा, "प्रीमियम सीटों की मांग अब दोगुनी से भी अधिक हो गई है।" एयरलाइन ने सोमवार को अपने कर्मचारियों को ईमेल के जरिए नीति में बदलाव की जानकारी दी।

एयरलाइन अधिकारी ने कहा, "ईमेल में कहा गया है कि ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों या काम के लिए यात्रा करने वाले किसी भी कर्मचारी, जिसमें शीर्ष प्रबंधन भी शामिल है, को वर्तमान कन्फर्म बिजनेस क्लास सीट के बजाय कन्फर्म इकॉनमी सीट मिलेगी।" एक अन्य अधिकारी ने कहा, "इसमें यह भी निर्दिष्ट किया गया है कि यदि उड़ान के लिए दोनों वर्गों में से किसी एक में सीट खाली होने की पुष्टि होती है तो ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी को बिजनेस या प्रीमियम इकॉनमी में अपग्रेड किया जा सकता है।" यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसी उड़ान में खाली सीटों की संख्या के बारे में स्पष्टता आमतौर पर उड़ान प्रस्थान समय से 50 मिनट पहले पता चल जाती है।

# दीपक हुड्डा का लड़कों में इंटरेस्ट-बॉक्सर स्वीटी बुरा

(एजेन्सी)।

**हरियाणा** की वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर स्वीटी बुरा और पति दीपक हुड्डा में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्वीटी बुरा ने थाने के अंदर बीजेपी नेता पति दीपक हुड्डा को पीटा और इसकी वीडियो भी सामने आई। अब स्वीटी बूरा ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर बड़ा दावा किया है।



स्वीटी बूरा ने कहा कि उनके पतिन दीपक हुड्डा का लड़कों में इंटरेस्ट है। उन्होंने बताया कि दीपक ने उन्हें वीडियो दिखाने के लिए बुलाया था। लेकिन वीडियो का शुरू और आखिरी हिस्सा गायब था। इस हिस्से में दीपक उन्हें गालियां दे रहा था और बाद में उन्हें पैनिक अटैक आया था। स्वीटी ने आरोप लगाया कि हिसार एसपी दीपक के साथ मिला हुआ है और दोनों को फांसी की सजा होनी चाहिए।

स्वीटी ने कहा कि हिसार एसपी ने थाने का वीडियो तोड़-मरोड़ कर पेश किया है। उन्होंने बताया कि उनके पापा और मामा का नाम भी दीपक ने एफआईआर में लिखवाया है, जबकि वीडियो में साफ दिख रहा है कि उनके पापा और मामा दीपक के पास तक नहीं गए थे। स्वीटी ने कहा कि दीपक ने झूठा मेडिकल करवाया और उनके मामा और पिता का नाम एफआईआर में लिखवाया। स्वीटी ने हाथ जोड़कप कहा कि अगर वह इतनी बुरी हैं तो दीपक उन्हें तलाक क्यों नहीं दे देते। उन्होंने कहा कि वह सिर्फ तलाक मांग रही हैं और कुछ नहीं। उन्होंने ना प्रॉपर्टी मांगी है, ना पैसा, यहां तक कि जो उनका पैसा दीपक ने खाया है वह भी नहीं मांग रही हैं।

बता दें कि, स्वीटी और दीपक की शादी 3 साल पहले हुई थी। स्वीटी ने पति दीपक पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई थी। उन्होंने कहा कि शादी में एक करोड़ और फॉर्च्यूनर देने के बावजूद उन्हें कम दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। दीपक का कहना था कि स्वीटी ने सोते हुए उनका सिर फोड़ा और उन पर चाकू से हमला किया। दोनों की शिकायतों पर हिसार और रोहतक में केस दर्ज हो चुके हैं। स्वीटी और दीपक इस वक्त बीजेपी नेता हैं, दीपक ने महम सीट से पिछला विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे।

# पंजाब किंग्स ने लॉन्च की ऑफिशियल जर्सी

**(एजेन्सी)।** पंजाब किंग्स आईपीएल 2025 का पहला मैच खेल रही है। इससे पहले पंजाब ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। इस पोस्ट में पंजाब किंग्स ने अपने इरादे जाहिर किए हैं। पोस्ट में उसने अपना मकसद बताया है। इसके अलावा एक वीडियो भी पोस्ट की गई है। ये वीडियो टीम की ऑफिशियल जर्सी का लॉन्च है। वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा है कि ऑफिशियल जर्सी का हैंडओवर पूरा हो चुका है। साथ ही पंजाब अब आईपीएल 2025 में गरजने को तैयार है। वहीं पंजाब के द्वारा शेयर किए गए वीडियो में रिकी पोंटिंग से लेकर युजवेंद्र चहल और श्रेयस अय्यर समेत सभी अन्य खिलाड़ी दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि, पंजाब अपना पहला मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेल रही है। पंजाब किंग्स ने एक्स पर अपना मकसद बनाते वाली पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट में लिखा है कि, इस सीजन का एक ही मकसद... बस, जीतना है। इसके साथ कप्तान श्रेयस अय्यर और अन्य खिलाड़ियों का पोस्टर भी लगा हुआ है।

# कुणाल कामरा के समर्थन में उतरे हंसल मेहता

**(एजेन्सी)।** फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने दो दशक पहले की अपनी आपबीती याद की और विवाद के बीच स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा का समर्थन किया। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बात करते हुए हंसल ने मुंबई में उस जगह पर तोड़फोड़ की निंदा की, जहाँ कुणाल ने अपना शो किया था। विवाद तब शुरू हुआ जब कुणाल ने अपने हालिया स्टैंडअप एक्ट में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की। हंसल ने सोशल मीडिया पर हिंसा और धमकी दोनों की निंदा की और एक ऐसे ही भयानक अनुभव को याद किया जिसका सामना उन्हें 25 साल पहले करना पड़ा था। फिल्म निर्माता को अपनी डार्क कॉमेडी दिल पे मत ले यार!! की रिलीज के दौरान भी इसी तरह के व्यवहार का सामना करना पड़ा था। हंसल मेहता ने इंस्टाग्राम पर जो पोस्ट शेयर की, उसमें उन्होंने लिखा, "दुख की बात है कि कामरा के साथ जो हुआ, वह महाराष्ट्र के लिए नया नहीं है। मैं खुद भी इससे गुजरा हूँ। पच्चीस साल पहले, उसी (तब अविभाजित) राजनीतिक दल के वफादारों ने मेरे कार्यालय में घुसकर हमला किया था। उन्होंने मेरे कार्यालय में तोड़फोड़ की, मेरे साथ मारपीट की, मेरे चेहरे पर कालिख पोत दी और मुझे अपनी फिल्म के एक संवाद के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए मजबूर किया-एक बुजुर्ग महिला के पैरों में गिरकर।" उन्होंने कहा, "यह लाइन हानिरहित थी, लगभग तुच्छ थी। सेंसर बोर्ड ने 27 अन्य कट के साथ फिल्म को पहले ही मंजूरी दे दी थी। लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। तथाकथित "माफी" स्थल पर, कम से कम 20 राजनीतिक हस्तियां पूरी ताकत के साथ पहुंचीं और इस घटना की निगरानी की, जिसे केवल सार्वजनिक रूप से शर्मसार करने वाला ही कहा जा सकता है- 10,000 दर्शक और मुंबई पुलिस चुपचाप देख रही थी।" इस भयावह घटना ने न केवल उन्हें शारीरिक रूप से जख्मी कर दिया, बल्कि उनकी आत्मा को भी घायल कर दिया। उन्होंने लिखा, "इसने मेरी फिल्म निर्माण क्षमता को कुंद कर दिया, मेरे साहस को दबा दिया और मेरे उन हिस्सों को खामोश कर दिया, जिन्हें वापस पाने में सालों लग गए।" उन्होंने आगे कहा, "चाहे असहमति कितनी भी गहरी हो, चाहे उकसावे की तीव्रता कितनी भी तेज हो-हिंसा, धमकी और अपमान को कभी भी उचित नहीं ठहराया जा सकता।

# विधायक बारा के अथक प्रयास से लालापुर पैनल हुआ चालू

**संजना भारती संवाददाता**
**मनोज कुमार बिन्द**



**बारा लालापुर प्रयागराज।** लालापुर तरहार क्षेत्र की समस्या को लेकर विधायक बारा डाक्टर वाचस्पति काफी चिंतित थे। उन्होंने अपनी विधानसभा बारा के समूचे क्षेत्र में जनमानस के प्रार्थना पत्र पर तुरन्त एक्सन लेते हुए विद्युत विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र लिखकर अवगत कराया की हमारे विधानसभा क्षेत्र में क्षमता वृद्धि जर्जर पोल व तार को बदलने हेतु नई विद्युतीकरण नये ट्रांसफार्मर लगाने के लिए विद्युत विभाग को पत्र लिखकर अवगत कराया।

इसी क्रम में 33/11 के.वी. लालापुर सब स्टेशन से लालापुर गांव का पैनल अधिकारियों के मनमानी से कहीं अन्यत्र लगा दिया गया था। जब लालापुर गांव के लोगों को पता चला कि हमारे गांव का पैनल विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा कही अन्यत्र लगवा दिया गया तो गांव के लोगों ने विधायक बारा प्रतिनिधि विजय कुमार निषाद उर्फ श्यामू निषाद के माध्यम से विधायक बारा डा. वाचस्पति को अवगत कराया। शिकायत को विधायक बारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों को अवगत कराया की तत्काल लालापुर गांव का पैनल लालापुर फीडर पर लगाया जाय। विधायक बारा के अथक प्रयास से आज मंगलवार को लालापुर का पैनल पुनः लालापुर फीडर पर लगाकर चालू किया गया। क्षेत्र की जनता विधायक बारा की भूरि भूरि प्रशंसा की। लालापुर सब स्टेशन पर जब से जेई शिवधर यादव ने जब से कार्यभार संभाला है तब से क्षेत्रीय लोगों को विद्युत विभाग से जुड़ी कोई समस्या नहीं होने देते हैं। अगर क्षेत्र में उपभोक्ता को कोई समस्या होती है तो तत्काल मौके पर पहुंच कर उपभोक्ता की समस्या का निदान तत्काल करते हैं। लालापुर सब स्टेशन में पैनल लगाते समय उक्त मौके पर जेई शिवधर यादव, TGT मनोज कुमार मौर्या, धर्मेन्द्र कुमार, SSO ध्रुव प्रकाश द्विवेदी, अतुल तिवारी, विकास मिश्रा, सुल्तान खान, हरी लाल, राकेश सहित समस्त स्टाफ लालापुर सब स्टेशन में मौजूद रहा।

# फेयरवेल पार्टी में बच्चों ने मचाया धमाल



**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** कुड्डली कैटरपिलर प्री स्कूल में यूकेजी का फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया, फेयरवेल पार्टी में में विविध प्रस्तुति देकर बच्चों ने खूब धमाल मचाया। बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से टीचर, अभिभावकों का खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन संदीप किशोर चौरसिया ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने तरह-तरह के गेम्स का भी आनंद लिया। बच्चे सुन्दर रंग बिरंगे परिधानों में सजे थे। स्कूल के चेयरमैन ने बच्चों को पुरस्कार और गिफ्ट भेंट देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में जगत किशोर चौरसीया, लक्ष्मी देवी, संदीप किशोर चौरसीया जो है संदीप पटीयाल, रूचिका पहरीयाल और स्कूल के सारे शिक्षकगण उपस्थित थे।

# अनुप्रिया ने इंटर साइंस में 477 अंक प्राप्त कर बिहार में चौथा स्थान किया प्राप्त

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/मृगांक शेखर सिंह**




**जमुई।** जमुई जिला अंतर्गत अलीगंज प्रखंड के मानपुर गांव निवासी शिक्षक कृष्ण मुरारी कुमार की बेटी अनुप्रिया ने इंटर साइंस परीक्षा 2025 में 477 अंक प्राप्त कर पूरे बिहार में चौथा स्थान हासिल किया है। उनकी इस सफलता से जिले सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अनुप्रिया की प्रारंभिक शिक्षा उत्क्रमित उच्च विद्यालय मिर्जागंज में हुई, जहां से उन्होंने मैट्रिक और इंटर की पढ़ाई पूरी की।

अपनी सफलता पर अनुप्रिया ने बताया कि वह रोज 16 से 18 घंटे मेहनत करती थीं, जिसके कारण यह उपलब्धि संभव हुई। अनुप्रिया का सपना आईएएस बनकर देश की सेवा करने का है। उनके पिता कृष्ण मुरारी कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय ऊपर सफा, चकाई में शिक्षक हैं। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि अनुप्रिया शुरू से ही मेधावी रही है और हमेशा लगन से पढ़ाई करती थी। वहीं, माता अलका देवी ने कहा कि बेटी की सफलता से पूरा परिवार गर्व महसूस कर रहा है। अनुप्रिया के बड़े भाई आलोक कुमार बीपीएससी टीआरई 01 के शिक्षक हैं, जबकि छोटे भाई आदित्य इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि अनुप्रिया शुरू से ही अनुशासित और प्रतिभाशाली छात्रा रही है। विद्यालय परिवार जल्द ही उसे सम्मानित करेगा। अनुप्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार को दिया है। उन्होंने कहा कि वह यूपीएससी की तैयारी कर आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है, और लोगों को उम्मीद है कि वह आगे भी बड़े मुकाम हासिल करेंगी।


## खानपुर थाना क्षेत्र के डेकारी चौक स्थित

# राजधानी लाईन होटल के समीप से चोर ने मोटर साईकिल चुराकर हुआ फरार

## ■ चोरी होने की सूचना पर पहुँची खानपुर पुलिस, जुटी जाँच पड़ताल में

**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**



**समस्तीपुर।** खानपुर थाना क्षेत्र के डेकारी गाँव निवासी भोला सिंह ने राजधानी लाईन होटल के समीप से अपनी मोटर साइकिल चोरी हो जाने को लेकर स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। उन्होंने लिखित आवेदन में लिखा है कि में अपने सीएसपी केंद्र पर से डेकारी चौक स्थित राजधानी लाईन होटल के सामने 5 बजकर 10 मिनट में,में अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटर साईकिल जिसका रजिष्टेशन नम्बर-BR-33-AA-5486 लगाकर हाट में सब्जी खरीदने गया था। तथा सब्जी खरीद कर 5 बजकर 20 मिनट में जब में हाट से सब्जी लेकर अपने स्प्लेंडर प्लस मोटर साईकिल के पास सब्जी रखने आया तो मेरा मोटर साईकिल वहाँ पर नहीं था तो मैं अगल-बगल व राजधानी लाईन होटल के संचालक व स्टाप के अलावे वहाँ के अन्य लोगो से पूछताछ किये पर नहीं पता चला। मुझे शंका है कि मेरा स्प्लेंडर प्लस मोटर साइकिल को चोर ने चुराकर फरार हो गया है। मैं उसी समय दूरभाष से खानपुर पुलिस को सूचना दिये की डेकारी चौक स्थित राजधानी लाईन होटल के समीप से मेरा स्प्लेंडर प्लस मोटर साईकिल चोरी हो गई है।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह व अपर थानाध्यक्ष पुलिस चौधरी ने पुलिस फोर्स के साथ राजधानी लाईन होटल के समीप घटना स्थल पर पहुंचकर जाँच पड़ताल में जुट गये। वही बताते चले कि डेकारी चौक स्थित राजधानी लाईन होटल के समीप से स्प्लेंडर प्लस मोटर साईकिल चोरी होने की घटना के बारे में पूछने पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मोटर साइकिल चोरी की घटना हुई है। जिसे घटना स्थल के बगल में राजधानी स्वीट्स में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया तो चोर के द्वारा मोटर साईकिल चोरी कर ले जाने की तस्वीर आया है। जिसे पहचान करने के लिये छापामारी की जा रही है। जल्द ही चोर सहित मोटर साईकिल को बरामद कर लिया जायेगा।

वही बता दें कि थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने आगे बताया कि पीड़ित डेकारी निवासी भोला सिंह के द्वारा अपनी मोटर साईकिल चोरी हो जाने की एक लिखित आवेदन अज्ञात चोर के विरूद्ध दिया है। दिये गये आवेदन के आधार पर अज्ञात चोर के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कारवाई की जा रही है।

# स्नातकोत्तर में नामांकन के लिए सीटों की संख्या बढ़ाने को लेकर उठी मांग

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/डॉ. संजय**

**हाजीपुर।** राष्ट्रीय कृषि-शिक्षा विशेषज्ञ-सह-पूर्व प्रत्याशी, तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र मुजफ्फरपुर, डॉ० अभय नाथ सिंह ने अपनी विज्ञप्ति में बताया है कि स्नातक (प्रतिष्ठा) में प्रत्येक वर्ष उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या बढ रही है, लेकिन स्नातकोत्तर में निर्धारित सीटों की संख्या न बढने से प्रत्येक वर्ष छात्र/छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं।


डॉ० अभय नाथ सिंह

बाीआर एबाीया, मुजफ्फरपुर के अन्तर्गत छह जिला है। आबादी और महाविद्यालयों की संख्या के अनुपात में स्नातकोत्तर महाविद्यालयों की संख्या काफी कम है। विश्वविद्यालय के विभागों और महाविद्यालयों में भी सीटों की संख्या काफी कम है। ऐसी स्थिति में नामांकन से बच्चे वंचित हो रहे हैं।

शिवहर जिला में एक भी कॉलेज नहीं है। स्नातकोत्तर में नामांकन के लिए 26 हजार आवेदन है और निर्धारित सीट 11 हजार है। तृतीय सूची निकलने के बाद भी काफी संख्या में बच्चें नामांकन के लिए प्रतिक्षारत है।

प्रत्येक जिला में 5 और अनुमण्डल में 2 कालेजो में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की व्यवस्था और वर्तमान में निर्धारित सीटों की बढ़ाकर सभी बच्चों का नामांकन कराये जाने की उन्होंने मांग की है। उन्होंने इसके लिए महामहिम कुलाधिपति, कुलपति, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, उप मुख्यमंत्री, निदेशक, उच्च शिक्षा को पत्र लिखकर आग्रह किया है।

# उद्घाटन मैच में भुवालपुर की टीम ने किया जीत दर्ज

## ■ मूर्ति देवी चैलेंज कप प्रतियोगिता में श्रीरामपुर को 1-0 से हराया



**एसबी संवाददाता**

**अकबरनगर।** किशनपुर पंचायत में आयोजित आठवां मूर्ति देवी चैलेंज का प्रतियोगिता का आगाज मंगलवार को हुआ। मूर्ति देवी चैलेंज का प्रतियोगिता के आठवें संस्करण का उद्घाटन मैच श्रीरामपुर एवं भुवालपुर के बीच खेला गया जिसमें भुवालपुर की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज किया। इससे पहले मैच का विधिवत उद्घाटन जन संसद के संरक्षक अजीत कुमार सहित अन्य गणमान्य ने फीता काट फुटबॉल में किक मारकर किया। उद्घाटन मैच भुवालपुर एवं श्रीरामपुर के बीच आयोजित किया गया। जहां दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

पहले हाफ की समाप्ति तक दोनों टीम एक दूसरे पर अटैक कर गोल करने की कोशिश करती रही लेकिन पहले हाफ की समाप्ति तक कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो पाई। दूसरे हाफ का खेल शुरू हुआ। दोनों ही टीम लगातार गोल करने के लिए लगातार अटैक करती रही। मैच के आखिरी समय में भुवालपुर की टीम ने एक गोल कर बढ़त बना लिया। निर्धारित समय तक श्रीरामपुर की टीम गोल नहीं कर पाई। इस तरह भुवालपुर की टीम एक 1-0 से मैच जीत टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश कर लिया।

मैच में निर्णायक की भूमिका रंजीत कुमार एवं विनय कुमार ने निभाया। आयोजक समिति ने बताया कि टूर्नामेंट का अगला मुकाबला 28 मार्च को लैलख एवं फरका के बीच खेला जाएगा।

टूर्नामेंट को सफल बनाने में तरुण स्पोर्ट्स क्लब किशनपुर एवं ग्राम विकास समिति सहित समस्त ग्रामवासी एकजुट होकर लगे हुए हैं।

# बारा थाना प्रभारी तुषार दत्य त्यागी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न



**एसबी संवाददाता/मनोज कुमार बिन्द**

**बारा प्रयागराज।** यमुनापार बारा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे थाना प्रभारी तुषार दत्य त्यागी ने कहा कि ईद और चैत्र रामनवमी त्यौहार ऐसा है कि आपस में भाईचारा का संदेश देता है इसलिए समस्त क्षेत्रवासी आपस में मिलजुलकर त्योहार मनाएं। त्योहार के दर्मान किसी भी प्रकार की असुविधा फैलाने वाले व्यक्तियों के ऊपर की जाएगी कठोर कार्रवाई। इस बैठक के दौरान ग्रामीण अंचल के संभ्रांत व्यक्ति रहे।

# दो दिवसीय किसान मेला का हुआ उद्घाटन

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/डॉ. संजय**



**हाजीपुर।** जिला पदाधिकारी, वैशाली के निर्देशानुसार ई0 किसान भवन, जिला उद्यान कार्यालय के प्रांगण में आत्मा, वैशाली द्वारा दो दिवसीय किसान मेला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन उप विकास आयुक्त, वैशाली, डॉ0 कुन्दन कुमार एवं संजय कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस क्रम में संजय कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा उप विकास आयुक्त को अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सम्बद्ध विभाग के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कृषकों का अभिवादन करते हुए तकनीकी जानकारी उपलब्ध करायी गई। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बीज वितरण, कृषि यॉत्रिकरण एवं अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। मोटे अनाज की खेती, व्यवसायिक खेती एवं इससे होने वाले लाभ की जानकारी उपलब्ध करायी गयी। कृषि यंत्रों पर सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न यंत्रों पर अनुदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मेले में सभी प्रखंडों के कृषक एवं कृषक समूह द्वारा उत्पादित वस्तुओं का स्टॉल पर प्रदर्शित किया गया।

मेले में उपविकास आयुक्त, वैशाली ने अपने संबोधन में जलवायु परिवर्तन के तहत अनुकूल खेती का स्वरूप बढ़ाने, सभी संभागों-मिट्टी जाँच, पौधा संरक्षण एवं उघानिक फसलों पर सार्थक योगदान देने पर बल दिया। उन्होनें कृषकों को कृषि विभाग की उत्तम एवं सुदृढ़ व्यवस्था की देखरेख कर सभी संभव सहायता उपलब्ध कराने पर बल दिया। साथ ही यह बताया कि 60 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आधारित है जिसकी सकल धरेलु उत्पाद में 80 प्रतिशत सहभागिता है। कृषि विभाग द्वारा उन्नत बीज एवं उर्वरक की व्यवस्था की जाती है। वर्तमान में ऑनलाईन आवेदन पर पारदर्शिता के साथ कृषि विभाग के योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जाता है तथा जिला स्तर पर जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल स्तर पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी को प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर मोनेटरिंग करने का निदेश भी दिया।

**मेले में निम्नांकित पदाधिकारियों द्वारा तकनीकी जानकारी कृषकों को दी गई:** गणेश राम, जिला मत्स्य पदाधिकारी, वैशाली द्वारा मत्स्य विभाग के योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

रवि कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी द्वारा बीज वितरण एवं अन्य कृषि कार्यो की जानकारी उपलब्ध करायी गई।

जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायी गई।

उषा किरण, पौधा संरक्षण निरीक्षक द्वारा फसल में लगने वाले कीट व्याधि पर चर्चा की गई।

सियाराम साहु, उप परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गई। साथ ही किसान उत्पादक संगठन के बारे में चर्चा करते हुए इसके लाभ के बारे में बताया गया। मेले मे कृषकों को व्यवसायिक खेती पर बल दिया गया।

मेला परिसर में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सभी कृषि समन्वयक, सभी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सभी सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं सभी किसान सलाहकार उपस्थित हो कर कृषकों के समस्याओं का निराकरण कर रहे थे। मेंले में सभी प्रशिक्षु अनुमंडल कृषि पदाधिकारी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## खानपुर प्रखंड क्षेत्र के 19 पंचायतों में

# आवास सहायक, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव एवं बिचौलियों के द्वारा पीएम आवास योजना में नाम जोड़ने के नाम पर हो रही अवैध वसूली

**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**


जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह।





**समस्तीपुर।** खानपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में इन दिनों प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ मनरेगा जॉब कार्ड बनाने के नाम पर खानपुर प्रखंड क्षेत्र के लाभुकों से अवैध उगाही करने की शिकायतें मिल रही है।

वही बताते चले कि प्रखंड के क्षेत्र के अलग-अलग पंचायतों में योग्य लाभुकों को आवास योजना का लाभ मिल सके। इसके लिए क्षेत्र के योग्य लाभुकों का चयन किया जा रहा है। लेकिन आवास पर्यवेक्षक के अनुसार योग्य लाभुकों के चयन की जिम्मेदारी आवास सहायक, पंचायत सचिव और पंचायत रोजगार सेवक को दिया गया है। बताते चलें कि इन दिनों कई पंचायतों से आवास योजना के लाभुकों के चयन प्रक्रिया में धांधली बरतने का आरोप है। एक तरफ जहां कई पंचायतों में अयोग्य लाभुकों का भी चयन हो रहा है।

वहीं दूसरी ओर कई लाभुकों से जॉब कार्ड बनाने एवं आवास योजना में नाम जोड़ने के नाम पर बिचौलियों के द्वारा अवैध वसूली की शिकायतें भी मिल रही है। लोगों का आरोप है कि वास्तविक एवं योग्य लाभुकों के द्वारा राशि देने में असमर्थता जताने पर उन्हें इस योजना का लाभ भविष्य में नहीं मिलने की बात कह कर बरगलाया जा रहा है।

बता दें कि खानपुर प्रखंड के कई पंचायतो के ग्रामीणों ने बताया कि जियो टैगिंग के नाम पर पीएम आवास सहायक सहित अन्य सर्वेयरों के बिचौलिये के द्वारा खुले आम पात्र एवं अपात्र लाभुकों से प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम जुड़वाने के नाम पर एक हजार से दो हजार रुपये लेकर बरगलाया जा रहा है। बताया गया कि जो लोग रुपये देने में असमर्थता जताते हैं उसका नाम नहीं जोड़ने की बात कहा जा रहा है। अगर जिला स्तर के अधिकारी इसकी जांच करें तो कई लोग का नाम सामने आ सकता है।

## ■ जॉब कार्ड व पीएम आवास योजना में नाम जोड़ने के लिए प्रति लाभुक से ले रहा एक हजार से दो हजार रुपया




वही जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह ने बताया कि जॉब कार्ड एवं पीएम आवास योजना में एक हजार से दो हजार रूपया लेने की मुझे भी दर्जनों शिकायत मिली है। मैं जिला पदाधिकारी से मांग करती हूँ कि पीएम आवास योजना में नाम जोड़ने के लिये आवास सहायक व बिचौलियों के द्वारा जो लाभुक से अवैध वसूली की जा रही है। उसे जिला के किसी वरीय पदाधिकारी से जाँच कराने की मांग की है। ताकि अवैध वसूली पर रोक लग सके। इधर लाभुक इस बात के डर से कुछ भी खुलकर बोलने से कतराते हैं कि कहीं उनका नाम चयन सूची से हटा न दें।

जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह ने यह भी बताया कि क्षेत्र में बिना पैसा लिए ना जॉब कार्ड बनता है ना पीएम आवास सूची में नाम नहीं जोड़ा जा रहा है। वहीं पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष संजीब कुमार सिंह ने बताया कि जॉब कार्ड व प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम जोड़ने को लेकर सरकार द्वारा कई दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके बावजूद भी नाजायज राशि की वसूली कर सरकार के नियमों के विपरीत सूची में नाम जोड़ने का खेल जारी है। वही लोजपा (R) के प्रखंड अध्यक्ष पिंटू सिंह ने बताया कि जॉब कार्ड व पीएम आवास सहायक एवं उनके बिचौलियों के द्वारा सूची में नाम जोड़ने के नाम पर एक हजार से दो हजार तक राशि की मांग की जा रही है। उन्होंने खानपुर बीडीओ से मांग किये है कि पीएम आवास योजना में नाम जोड़ने के लिये अवैध वसूली पर अविलम्ब रोक लगाने की मांग किये है।

वहीं इस संबंध में पूछने पर बीडीओ विजय कुमार चन्द्रा ने बताया कि आवास योजना में नाम जोड़ने का अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि नाम जोड़ने के लिए कोई राशि नहीं ली जाती है। अगर कोई सरकारी कर्मचारी या बिचौलियो ने बरगला कर अवैध राशि की मांग करता है तो सीधे आप जिला में वैसे बिचौलिए या कर्मियों के खिलाफ शिकायत कर सकते हैं। ताकि सरकारी कर्मी व बिचौलियों पर उचित कार्रवाई की जा सके।

# होली मिलन और रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया

**संजना भारती संवाददाता**


**टोक।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में होली मिलन ओर रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले भर से कांग्रेसी कार्यकताओं ने शिरकत की। जिला अध्यक्ष हरि प्रसाद बैरवा ने कहा कि यह एक सुखद अनुभव है कि इस तरह के आयोजन से देश की एकता और अखंडता बनी रहती है। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर रामविलास चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गाता, शाहपुरा प्रभारी माया सुवालका, कैलाशी देवी मीणा, पूर्व मालपुरा चैयरमेन आशा नामा, केकड़ी सेवादल प्रभारी सुरेश मिश्रा, शिव जी राम मीणा,करीम सरपंच, पंडित शैलेन्द्र शर्मा, सलीमुद्दीन खान, सत्यनारायण, आमिर फारुकी, हंसराज फागणा, पूर्व पार्षद राहुल सैनी,फोजू राम मीणा, राजेश खटीक, मुबारक अली, तुलसीराम, रामलाल मीणा, कमरूद्दीन उनियारा,राम चौधरी, रामलाल संडीला, एडवोकेट मजर आलम, पंकज यादव, सेवा दल अध्यक्ष अब्दुल खालिक, सैयद महमूद शाह सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संसार परिवर्तन शील है: स्वामी भागीरथ महाराज

## ■ बारो में संतमत सत्संग का वार्षिक अधिवेशन आयोजित

**एसबी ब्यूरो**





**बरौनी(बेगूसराय)।** बेगूसराय जिला संतमत सत्संग का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन-2025 का आयोजन 25-26 मार्च बारो सत्संग मंदिर एवं मिडिल स्कूल के सामने किया गया। प्रथम दिन मंगलवार को संत सदगुरु महर्षि मेंहीं परमहंस महाराज जी के अनुयाई प्रवचनकर्ता स्वामी भागीरथ महाराज, स्वामी प्रमोद बाबा, स्वामी निर्मलानंद महाराज, स्वामी सत्यप्रकाश महाराज, नरेशानंद महाराज, जय कुमार बाबा, शंकर बाबा ने कहा कि मानवता को लोग समझे दानवता से दूर रहें। यह संसार परिवर्तनशील है। जो अपने सुख के लिये दुसरे को दुःख नहीं देते है उसे कहते है मानव, जो अपने सुख के लिये दुसरे को दुःख देते है उसे कहते है दानव, जो खुद दुःख सहकर दुसरे को सुख देते हैं उसे कहते है देवता। अंधकार को पार करने के लिये बल प्राप्त करना होगा। यह बल आत्मिक बल है जिसे प्राप्त करने पर आप अंधकार को पार कर सकते है। कार्यक्रम में सुबह ईश्वर स्तुति, वेद पाठ के साथ सत्संग की महिमा का व्याख्यान किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री गजेन्द्र प्रसाद पोद्दार, सुभाष चौधरी, उचित शर्मा, प्रमोद सिंह, राजेन्द्र साहू, संजीव गुप्ता, रामचंद्र चौधरी, सत्यानंद चौधरी, श्रवण महतो, दीपक साहू, विभूति भूषण सिंह सहित प्रवचन पंडाल में बैठकर हजारों सतसंगी प्रवचन सुन रहे थे।

# असन्ध में ट्रिपल इंजन की सरकार तेज गति से करेगी विकास कार्यः सुनीता अरडाना

**■ नगरपालिका नवनियुक्त चेयरमैन सुनीता अरडाना ने पंचकुला में ली शपथ**





**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** सेक्टर-5 पंचकुला स्थित इंद्रधनुष स्टेडियम के ऑडिटोरियम में हरियाणा प्रदेश के सभी नवनिर्वाचित महापौर नगर परिषद, नगर पालिका चेयरमैन व नव निर्वाचित पार्षदों का शपथग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें असन्ध नगरपालिका नवनियुक्त चेयरमैन सुनीता अरडाना ने भी शपथ ली। शपथ लेने के बाद नवनियुक्त चेयरमैन सुनीता अरडाना ने कहा कि असंध में ट्रिपल इंजन की सरकार तेज गति से विकास कार्य करेगी। सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य किए जाएगें।

# अंडर 23 नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा टीम ने जीता गोल्ड

**एसबी संवाददाता**

**चण्डीगढ़।** असम के गुवाहाटी में हुई पहली अंडर 23 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा की पुरुष वर्ग की टीम ने फाइनल मुकाबले में पंजाब की टीम को हराते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है। प्रतियोगिता 18 मार्च से 24 मार्च तक हुई है, फाइनल मुकाबले में पंजाब की टीम को 94-73 से हराकर हरियाणा की टीम ने गोल्ड मेडल जीता है। प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में कर्नाटक, क्वार्टर फाइनल मुकाबले में तमिलनाडु, प्री क्वार्टर फाइनल में बिहार और अपने लीग मैचों में मेघालय, पश्चिमी बंगाल व चंडीगढ़ की टीमों को हराया। कप्तान साहिल टाया के नेतृत्व में टीम ने तमाम मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ी राजन के अलावा दीपेंद्र, अंकुश, राहुल, अजय और लक्ष्य ने भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता विजयी होने पर कोच विनय श्योराण ने टीम को बधाई दी है, साथ ही कोच दीपक शर्मा तथा मैनेजर विशाल सिंह ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि टीम की मेहनत रंग लाई है।

# डीसी ने की फसल गिरदावरी की जांच

**■ सीवन, पीड़ल, कलायत सहित कई गांवों का किया दौरा**



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने मंगलवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर खेतों में पहुंचकर पटवारियों द्वारा की गई रबी की फसल गिरदावरी की जांच की और राजस्व विभाग के अधिकारियों को फसलों की गिरदावरी की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

डीसी प्रीति मंगलवार सुबह सबसे पहले गांव गोबिंदपुरा रकबा में पहुंचीं। जहां उन्होंने मुख्य रास्ते से आगे जाकर फसलों की पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी की जांच की। यहां गेहूं, मटर सहित हरे चारे की फसलें उगाई गई थीं। जो रिकॉर्ड में सही पाई गईं। इसके बाद डीसी ने गांव पीड़ल में पहुंच कर फसल की गिरदावरी का मौके व पटवारी के रिकॉर्ड में मिलान कर जांच की। जो सही पाया गया। यहां गांव के सरपंच सहित मौजिज लोगों से डीसी ने गांव की सार्वजनिक समस्याओं को लेकर भी बातचीत की। इसके बाद डीसी गांव तितरम रकबा में पहुंचीं। जहां उन्होंने खेत में उगाई गई फसल अनुसार रिकॉर्ड में देखकर गिरदावरी की जांच की। इसके बाद डीसी ने गांव चंदाना रकबा में पहुंच कर औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने एक एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल के लिए पटवारी से रिकॉर्ड में दर्ज फसल का विवरण पूछा। जो सही पाया गया। इसके बाद डीसी ने कलायत व क्षेत्र के गांव पिंजूपुरा में भी इसी प्रकार से फसल की गिरदावरी की जांच की। जो सही पाई गई।

डीसी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में गिरदावरी की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करते हुए रिपोर्ट भेजें। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मौके पर लगाई गई फसल का किला नंबर से मिलान देखा और संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गिरदावरी संबंधी कार्य समय पर पूरा करें और गिरदावरी दर्ज करने के कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अपने निर्देशों में कहा कि उसी फसल का इंद्राज होना चाहिए, जो मौके पर लगाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष दो बार गिरदावरी दर्ज करने की प्रक्रिया संबंधित किसान के खेत पर जाकर की जाए। फर्जी तरीके से पटवारी तथा कानूनगो कार्यालय में बैठकर गिरदावरी की औपचारिकता करने पर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर लोगों द्वारा गिरदावरी से संबंधित समस्याएं उनके ध्यान में लाई जाती हैं और ऐसी किसी भी समस्या की वह व्यक्तिगत तौर पर जांच करें। राजस्व विभाग के अधिकारी रिकार्ड को अपडेट रखें।

# टांगरी नदी को छह फुट गहरा करने का काम शुरूः अनिल विज

**■ टांगरी बांध रोड को चौड़ा करने व रोड को जीटी रोड से जोड़ने का कार्य भी प्रगति पर**

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला में टांगरी नदी तल को अम्बाला छावनी में छह फुट गहरा करने का काम शुरू कर दिया गया है जिससे आसपास बसी कालोनियों के हजारों निवासियों को फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि अम्बाला छावनी में टांगरी नदी क्षेत्र से निकाली गई रेत नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधीन चल रहे अम्बाला रिंग रोड प्रोजेक्ट में उपयोग की जाएगी। इसके अलावा, नदी का बांध जगाधरी रोड तक 2.67 करोड़ रुपए की लागत से पक्का व ऊंचा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि टांगरी नदी को गहरा करने के लिए सिंचाई विभाग, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया और नगर परिषद अम्बाला सदर के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ था जिसके तहत अम्बाला छावनी में टांगरी नदी क्षेत्र से निकाली की गई रेत नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधीन चल रहे अम्बाला रिंग रोड प्रोजेक्ट में उपयोग की





जाएगी। उन्होंने बताया कि नदी तल पहले से भी ज्यादा गहरा होने पर बरसाती दिनों में पानी आसानी से अम्बाला छावनी क्षेत्र से निकलेगा जिससे आसपास बसी दर्जनों कालोनियों के हजारों निवासियों को सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने बताया कि बरसातों से पहले इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।

श्री अनिल विज ने बताया कि अम्बाला छावनी में टांगरी नदी जिन-जिन स्थानों पर तंग है, वहां नदी को पहले से भी ज्यादा चौड़ा किया जाएगा ताकि बरसाती पानी के बहाव में कोई रुकावट न आए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सिंचाई विभागों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं तथा विभाग की ओर से प्रस्ताव सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है जिस पर जल्द कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि रामपुर-सरसेहड़ी में टांगरी नदी बांध (तटबंध) को ऊंचा व पक्का करने का काम प्रगति पर है। नदी का बांध जगाधरी रोड तक 2.67 करोड़ रुपए की लागत से पक्का व ऊंचा किया जाएगा। बीते फरवरी माह में कार्य की शुरूआत की गई थी और तेजी से इसे अब पूरा किया जा रहा है ताकि बरसातों से पहले इसे पूरा किया जा सके।

श्री विज ने बताया कि टांगरी बांध को रामपुर-सरसेहड़ी की तरफ ऊंचा व पक्का करने का काम पहले से किया जा रहा है, मगर अब नदी का तल छह फुट और गहरा कराने का काम शुरू हो गया है। इससे बरसाती पानी टांगरी बांध (तटबंध) से बाहर नहीं आएगा और लोगों को पानी से सुरक्षा मिलेगी।

# ईआरओ, डीईओ, सीईओ स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ जमीनी स्तर की जा रही बैठकें

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा है कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी व निस्पक्ष तरीके से संपन्न कराने में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के ईआरओ, डीईओ, सीईओ व राजनीतिक दलों अहम भूमिका होती है।

इसी कड़ी में सभी स्टेक होल्डरों के साथ बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देश भर में 4,123 ईआरओ अपने-अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों (एसी) में मतदान केंद्र स्तर पर लंबित किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए सर्वदलीय बैठकें कर रहे हैं। इसी तरह, सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के सभी 788 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और 36 मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जिला और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर ऐसी बैठकों का आयोजन करने तथा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 में निर्धारित कानूनी ढांचे और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी मैनुअल, दिशा-निर्देशों और अनुदेशों के भीतर करने का निर्देश दिया गया है।

श्री पंकज अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी के साथ ये बैठकें पहले ही शुरू हो चुकी हैं। भारत निर्वाचन



आयोग द्वारा ऐसी सभी बैठकों का आयोजन पूरे देश में 31 मार्च, 2025 तक पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि आयोग ने 4 मार्च, 2025 को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित सभी राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के सीईओ और प्रत्येक राज्य से एक डीईओ और ईआरओ की भागीदारी बाले सम्मेलन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में तथा निर्वाचन आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में दिए गए निदेशों के अनुरूप है।

उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया में राजनीतिक दलों और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों जैसे बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए), पोलिंग एजेंटों, काउंटिंग एजेंटों और चुनाव एजेंटों की चुनाव संचालन सहित विभिन्न चुनावी प्रक्रियाओं में विशिष्ट भूमिकाएं होती हैं।

# पाप मोचनी एकादशी पर्व पर खाटू श्याम संध्या का हुआ आयोजन

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** नगर के सफीदों रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर में पाप मोचनी एकादशी पर्व पर श्याम संध्या का आयोजन किया गया इस अवसर पर नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों महिला पुरुषों व बच्चों ने भाग लिया। सालासर खाटू श्याम मंदिर के प्रधान दर्शन शर्मा, समाज सेवी अनिल गोयल, हरीश मदान व अनीत चोपड़ा, भजन गायक जोनी जांगड़ा का फूल मालाओं व खाटू श्याम बाबा का स्वरूप भेंटकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर समाज सेवी अनिल गोयल व अनीत चोपड़ा ने कहा बाबा खाटू नरेश कलयुग राजा हैं। उन्होंने कहा कि हारे का सहारा खाटू श्याम बाबा के दर से कोई खाली नहीं जाता। उन्होंने कहा कि श्याम बाबा सब भक्तों के दुखों को दूर कर उनकी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। श्याम संध्या में जॉनी जांगड़ा भजन मंडली द्वारा श्याम बाबा के गाए भजन आ गया मैं दर पे तेरे सारी दुनियां छोड़ के भजन पर श्रद्धालुओं से भरा पंडाल झूम गया। श्रद्धालुओं से खचाखच भरा पूरा



पंडाल खाटू श्याम बाबा के जयकारों से गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर श्याम शर्मा, प्रवीन पाहवा, विनोद बलूजा, उषा मदान, बाबू गोयल आदि उपस्थित रहे।

# राजौंद मेन बाजार रामलीला ग्राउंड में सरकार व प्रशासन से शौचालय निर्माण की अपील

**■ शौचालय निर्माण के लिए मेन बाजार मार्केट यूनियन ने मुख्यमंत्री हरियाणा व नपा सचिव को लिखा पत्र**

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** राजौंद के मुख्य बाजार में कोई भी शौचालय नहीं है। जिससे दुकानदारों, ग्राहकों व नागरिकों को शौच जाने में बहुत सुविधा होती है। नागरिक लंबे समय से सरकार व प्रशासन से राजौद मेन बाजार में शौचालय निर्माण की प्रार्थना कर रहे हैं। मेन मार्केट यूनियन प्रधान भीम सिंह राणा ने कहा कि नगर के दुकानदारों, ग्राहक व नागरिकों ने उनके समक्ष मुख्य बाजार में शौचालय न होने पर आ रही समस्या की बात रखी थी। प्रधान ने बताया कि शौचालय निर्माण करवाने के संदर्भ में मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी व सचिव नगर पालिका राजौंद नरेंद्र शर्मा को पत्र लिखकर दुकानदारों, ग्राहकों व नागरिकों के मांग के अनुसार रामलीला ग्राउंड राजौद में शौचालय निर्माण की प्रार्थना की गई है।

इस मांग के बारे में नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मेन बाजार मार्केट



सचिवः नपा राजौंद नरेंद्र शर्मा।



प्रधानः मेन बाजार राजौंद मार्केट यूनियन भीम सिंह राणा।

यूनियन प्रधान भीम सिंह राणा व संगठन की ओर से उन्हें रामलीला ग्राउंड राजौद में शौचालय का निवेदन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि नियम अनुसार हाउस में चर्चा कर, उच्च अधिकारियों व सरकार के निर्देश अनुसार स्थान चिन्हित कर, आधुनिक शौचालय का निर्माण करवाया जाएगा।

# नवचयनित मेयर, नगर पालिका परिषद चेयरमैन और सदस्यों ने ली शपथ

**एसबी संवाददाता**

**पंचकूला।** पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल सहित अन्य मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पालिका के कार्यों में सरलता लाने के लिए एक ई पोर्टल का शुभारंभ किया। इसके साथ नगर पालिका के लिए 587 करोड़ रुपए की राशि भी जारी किया। सीएम सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा की धरती पानीपत से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत किया था। आज मेयर, नगर परिषद और नगर पालिकाओं में सबसे ज्यादा महिलाएं चुनकर आईं हैं।

मुख्यमंत्री सैनी ने सभी नव नियुक्त जनप्रतिनिधियों को नशे की विकटता और उसके प्रति एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया है। सीएम सैनी ने कहा कि कई बार महिलाओं उनके पास आकर बताती हैं कि उनके वार्ड में नशा बिक रहा है। इस तरह नशे की चपेट में आने वाले युवाओं की जिंदगी और उनके परिवार भी पूरी तरह से बर्बाद हो जाता है। नशे के खिलाफ सभी को मिलकर एकजुटता अभियान चलाना चाहिए। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से मानस पोर्टल भी शुरू किया गया है। जिस पर नशा बेचने वालों की सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाती है। इस पोर्टल की निगरानी खुद देश के गृहमंत्री अमित शाह करते हैं।

# डी.ए.वी. स्कूल में हवन कर मनाया डॉ. पूनम सूरी का जन्मदिन

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली एवं डी.ए.वी कॉलेज प्रबंधन समिति नई दिल्ली के प्रधान पदम श्री अलंकृत डॉक्टर पूनम सूरी जी के 78 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में डी.ए.वी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हवन यज्ञ किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य सुखपाल सिंह मान, अध्यापकों, अध्यापिकाओं और गैर शैक्षणिक सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य सुखपाल सिंह मान ने पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी की दीघार्यु एवं स्वास्थ्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने डॉ. पूनम सूरी को त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति बताते हुए उनके जीवन की बहुमूल्य उपलब्धियों से सभी का परिचय कराया।

डॉ. पूनम सूरी हमेशा डी.ए.वी प्रबंध समिति से जुड़े सभी लोगों के लिए एक सच्चे गुरु रहे हैं। अपने काम के प्रति उनका समर्पण सर्वोत्कृष्ट है और वे हम सभी के लिए एक आदर्श हैं। डॉ. पूनम सूरी न केवल एक सक्रिय सामाजिक व्यक्ति हैं, बल्कि एक सच्चे देशभक्त भी हैं, जो अपने अतुलनीय योगदान से



हमेशा नागरिकों और देश को आगे बढ़ने और समृद्ध बनाने में मदद करते हैं।

# राजौंद में ड्रॉपआउट विद्यार्थियों को स्कूल लाने के लिए किया जा रहा है सर्वेः मुख्याध्यापक रामभक्त

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** राजौंद के जींद रोड स्थित प्राइमरी मॉडल संस्कृति स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने पढ़ाई छोड़ चुके (ड्रॉपआउट) विद्यार्थियों को वापस स्कूल लेकर आने के लिए सभी स्कूल स्टाफ सदस्य सर्वे कर रहे हैं, नए सत्र तक पढ़ाई छोड़ चुके विद्यार्थियों को चिन्हित कर शिक्षा की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। शिक्षा विभाग की ओर से सर्वे कर ऐसे विद्यार्थियों को चिन्हित किया जा रहा है जिन्होंने विभिन्न कारणों से अपनी पढ़ाई बीच अधर में छोड़ दी थी या वे कभी स्कूल ही नहीं गए। इसमें कई प्रवासी मजदूरों के बच्चे भी शामिल हैं। स्कूल मुख्याध्यापक रामभक्त ने बताया कि स्कूल के स्टाफ सदस्यों के निरंतर प्रयास से छात्रों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सत्र 2023 से 25 में दो साल के दौरान विद्यार्थियों की संख्या 197 से



239 तक बढ़ी है। यह सर्वे मार्च से अप्रैल तक चलता रहेगा।

ये ऐसे विद्यार्थी है जो अभी स्कूल नहीं जा रहे हैं। चिन्हित किए जाने वाले बच्चों की उम्र साढ़े 4 साल से 11 साल तक हैं। स्कूल स्टाफ, स्वयंसेवक 10 अप्रैल तक विद्यार्थियों को प्रेरित करेंगे कि वे दोबारा शिक्षा ग्रहण करें ताकि उनका नए सत्र से दाखिला स्कूलों में कराया जा सके। ताकि वे अपनी शिक्षा को आसानी से जारी रख सकें।

खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप ने कहा कि सर्वे का उद्देश्य विद्यार्थियों की ड्रॉपआउट दर को कम करना और शिक्षा के स्तर को बढ़ाना है। इस जागरूकता अभियान सर्वे में मुख्य अध्यापक रामभक्त, दलबीर, अनिल सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# अशोक सेरहदा को बनाया विश्व हिन्दू परिषद राजौंद प्रखंड का अध्यक्ष

**संजना भारती संवाददाता**

**राजौंद।** विश्व हिन्दू परिषद की बैठक राजौंद प्रखंड के गांव सेरहदा में अशोक सेरहदा के निवास पर आयोजित की गई। जिससे मुख्य रुप से जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल व जिला सह मंत्री निशिकांत शर्मा ने भाग लिया। इस बैठक में सर्वसम्मति से अशोक सेरहदा को राजौंद प्रखंड का अध्यक्ष व जयप्रकाश पटवारी को महामंत्री चुना गया। इस बैठक में राजौंद प्रखंड की इकाइयों का गठन व विस्तार करना मुख्य उद्देश्य रहा। बीरभान ने बताया कि हमारा उद्देश्य हिन्दू संस्कृति को बचाना और प्रचार करना है। हमें हिन्दू नववर्ष, नवरात्र और रामनवमी जैसे



त्यौहारों को धूमधाम से मनाना चाहिए। निशिकांत शर्मा ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद की इकाइयों का गठन और विस्तार जरुरी है।अगली बैठकों में बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति प्रकल्पों गठन रहेगा। अशोक सेरहदा ने विश्वास दिलाया कि हमें जो दायित्व दिए गए हैं हम उनका निर्वहन सच्चे मन व निष्ठा से करेंगे और राजौंद प्रखंड के सभी गांवों से और सभी जातियों को साथ लेकर हिंदूत्व का प्रचार प्रसार करेंगे, नवरात्र और रामनवमी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर बीरभान निर्मल, निशिकांत शर्मा, अशोक सेरहदा, जयप्रकाश पटवारी जाखौली, सतीश सोंगल,अनिल सोंगल, धर्मपाल ढुल, तेजवीर मलिक, नरेश प्रजापति, दलबीर जांगड़ा, मनीष जांगड़ा, राजपाल ढुल, जगदीश शर्मा, सतीश शर्मा, सुन्दर सिंह, मंगल सिंह, नरेंद्र शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।